**DAV PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT, BHUBANESWAR**

**ANNUAL EXAMINATION (SESSION 2021-22)**

**CLASS- IV SUBJECT:HINDI DT. 04.03.2021 F.M: 40 MARKS**

**सामान्य निर्देश:**

I. प्रश्न पत्र में दिए गए सभी प्रश्न के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।

II. उत्तर का चयन करने से पहले सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए ।

**खंड क- अपठित गद्यांश** **1X5=5**

*निम्नलिखित दिए गए गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए 1 से 5 तक के प्रश्नों के उचित विकल्प वाले उत्तर चुनिए ।

जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है।अनुशासन की सच्ची शिक्षा हम कुदरत से ले सकते हैं सूर्य और चन्द्रमा समय पर निकलते हैं पशु -पक्षियों के जीवन में भी अनुशासन देखा जा सकता है।पंक्तियों में उड़ते हुए पक्षी और कतार में चलती चींटियां हर एक को अनुशासन में रहने का संदेश देती है।अनुशासन के बिना तो विद्यार्थी जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। यदि विद्यार्थी अनुशासित नहीं होगा तो उसके जीवन का विकास अच्छे तरीके से नहीं हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय का सही उपयोग करना , गुरुओं की आज्ञा का पालन करना और ध्यानपूर्वक पढ़ना आदि अनुशासन हैं। अनुशासन पर चलना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है किन्तु इस पर चलने के बाद मिलने वाला फल बहुत स्वादिष्ट होता है। इस के बिना हम कभी सफल नहीं हो सकते हैं।

1.अनुशासन का फल कैसा होता है ?

(क)खट्टा(ख) खटमिट्ठा (ग)स्वादिष्ट(ग)बेरंग

2.अनुशासन में रहने की सीख हमें कौन-कौन देता है ?

(क) सूर्य (ख) चंद्रमा (ग) उड़ते पक्षी(घ)उपर्युक्त सभी

3. विद्यार्थियो के लिए अनुशासन क्यों जरूरी है?

(क)जीवन का विकास अच्छे तरीके से हो सकेगा ।

(ख)जीवन का विकास अच्छे तरीके से नहीं हो सकता है।

(ग)जीवन बर्बाद करने के लिए ।   (घ)सभी उत्तर गलत हैं ।

4.विद्यार्थियों के लिए अनुशासन क्या है ?

(क)समय का सही उपयोग करना   (ख)गुरुओं की आज्ञा का पालन करना

(ग) ध्यानपूर्वक पढ़ना   (घ)सभी उत्तर सही हैं ।

5. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ?

(क)अनुशासन का महत्त्व (ख)विद्यार्थी (ग) जीवन (घ)गुरु की आज्ञा का पालन

**खंड ख-व्याकरण   1X15=15**

6 ' तालाब' का पर्यायवाची शब्द क्या होगा –

(क)चंद्रमा   (ख) नदी   (ग ) नीर   (घ ) सरोवर

7 'कपड़ा' का वचन बदलकर लिखिए –

(क)कपड़ों   (ख) कपड़े   (ग ) कपड़ो ने   (घ)कपड़ों का

8- 'पत्ते ' शब्द के लिए सही विशेषण शब्द चुनिए ।

(क) समझदार   (ख)खूँखार   (ग)ऊँचा   (घ)पीले

9-'प्रकाश' शब्द का विलोम चुनिए ।

(क)कटु   (ख)अंधकार   (ग)काला   (घ)खटास

10-'श्रीमान ' शब्द का स्त्रीलिंग विकल्पों से चुनिए ।

(क)श्री   (ख) श्रीमती   (ग) सागर   (घ)शिमती

11-तुम्हें मित्र माना है, ----------नहीं।'मित्र' शब्द के विलोम शब्द से खाली स्थान भरिए ।

(क)डरपोक   (ख) दुश्मन   (ग) खुश   (घ ) शत्रु

12. ............. बहन । दिए गए शब्द के लिए उचित विशेषण की पहचान कीजिए ।

(क)प्रचलित   (ख) महान   (ग)पुराने   (घ) प्यारी

13--------------------' बोरी ' शब्द के लिए उचित विशेषण की पहचान कीजिए ।

(क)बड़ा   (ख)फटी   (ग)गंदे   (घ)सारा

14- जिस वाक्य से पता चले कि ' काम होगा' उसे कौन-सा काल कहा जाता है?

(क)वर्तमान काल   (ख) भूतकाल   (ग) भविष्यत काल (घ)ये सभी

15- मेरे कंधे पर कब बस्ता होगा ? यह वाक्य किस काल में है ?

(क) वर्तमान काल   (ख)भूत काल   (ग)भविष्यत काल   (घ)इनमें से कुछ नहीं

16- -पक्षी को ' दिए गए शब्द का सही बहुवचन रूप चुनिए ।

(क)पक्षियों को (ख)पक्षी में (ग)पक्षीयों को (घ)पक्षी ने

17- ‘माल’ शब्द के साथ उचित प्रत्यय की पहचान कीजिए ।

(क)दार (ख)कार (ग)पति (घ)इत

18- दिए गए मुहावरे का अर्थ क्या होगा -अँगूठा दिखाना

(क)घबरा जाना (ख)मना कर देना (ग)गुस्सा करना (घ)खुश होना

19- दिए गए मुहावरे का अर्थ क्या होगा -पसीने छूटने लगे

(क)घबरा जाना (ख) भाग जाना (ग)गुस्सा करना (घ)बुद्धि खराब होना

20- कौन-सा वाक्य वर्तमान काल में है?

(क) स्वाति छात्रावास में रहने चली गई ।(ख)होली को पर्व के रूप में मनाया जाएगा ।

(ग) गाय घास चबा रही है । (घ)सब कल होली खेलने जाएँगे ।

**खंड ग-पाठ आधारित प्रश्नोत्तर 1X20=20**

21 .लकड़हारा लकड़ियाँ काटकर क्या करता था ?

(क)गाँव मे बेच देता था (ख)लोगों में बाँट देता था

(ग)अलमारी बनाता था (घ)शहर में बेच देता था

22. लकड़हारा किसको ठंडा करने के लिए फूँक मार रहा था ।

(क)अंडा को (ख) आलू को (ग )पानी को (घ) दूध को

23. गरम हवा से सागर का जल क्या बन जाता है?

(क) हवा (ख) भाप (ग )पानी (घ) बर्फ़

24- झील के किनारे क्या था ?

(क ) फल और फूल (ख ) पेड़ और पत्ते (ग ) बाँस और नाव (घ ) कलम और कागज़

25.शेर को किसका मित्र कहा गया है ?

(क)चित्रकार का (ख) बौने का ( ग) यमराज का (घ ) क और ख दोनों सही है ।

26. बौना किसे कहते हैं?

(क)लंबे आदमी को(ख)पतले आदमी को (ग)छोटे कद के आदमी को (घ) मोटे आदमी को

27.सूरज के तेज़ चमकने से किसका हृदय कब दहलता है?

(क)बारिश का (ख) पृथ्वी का (ग)सूरज का (घ) आकाश का

28.विद्यालय में छात्राओं को कौन सा मंत्र करवाया जाता था?

(क) सूर्य मंत्र (ख) सरस्वती मंत्र (ग) गायत्री मंत्र (घ) भोजन मंत्र

29.मौसम कविता के अनुसार औरों के लिए जीना किससे सीख सकते हैं?

(क) सूरज से (ख) बौने से (ग) खुद से (घ) किसी से नहीं

30.कोयल कविता के कवि का नाम चुनिए।

(क)भगवती प्रसाद द्विवेदी (ख)रामनरेश त्रिपाठी

(ग)सुभद्रा कुमारी चौहान (घ)उमाशंकर जोशी

31 .फाल्गुन की पूर्णिमा को कौन सा त्योहार मानते हैं ?

(क ) दिवाली (ख) होली (ग ) शिवरात्रि (घ) दशहरा

32. संजना ने किसे पत्र लिखकर होली के बारे में बताया ?

(क ) शिवानी को (ख) मीरा को (ग ) नीना को (घ) अपनी मौसी को

33. हिरण्यकश्यप राजा क्या चाहता था ?

(क ) सब उसे दोस्त माने । (ख) सब उसे भगवान माने।

(ग ) सब उसकी पूजा करें। (घ) ख और ग दोनों सही हैं ।

34. कोयल किससे पानी माँगती है।

(क) मेघों से (ख) धरती से (ग) बच्चों से (घ)माँ से

35. “नमस्ते ,एक बात पूछूँ?” यह बात किसने कही ?

(क)लकड़हारे ने (ख)पड़ोसी ने (ग) चित्रकार ने (घ)बौने ने

36. स्वाति को चोरों से बचने का किसमें रास्ता दिखाई दिया ?

(क) माँ को बता देने में (ख)अपने संबंधी को बुला लेने मे

(ग) छुप जाने में (घ) गैस के छिड़काव में

37.स्वाति के माता-पिता कहाँ गए थे ?

(क)संबंधी के घर (ख)पड़ोसी के घर (ग)मित्र के घर (घ)गाँव में

38. होली मुख्य रूप से कहाँ का त्योहार है?

(क)गुजरात का (ख) उत्तर भारत का (ग)बंगाल का (घ)आंध्र प्रदेश का

39.चित्रकार कहाँ चित्र बना रहा था?

(क ) विद्यालय में (ख) घर में (ग) सूनसान जगह में (घ ) मित्र के घर पर

40. कोयल के विषय में क्या सही नहीं है ?

(क) उसका रंग काला होता है (ख)सदा मीठी वाणी में बोलती है

(ग) माँ की बात नहीं मानती (घ) आमों में मिश्री घोलती है ।

***************************